# निवेश से ही अर्थव्यवस्था होती है सुदृढ़ : सीएम

## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वर्चुअल माध्यम से किया एचयूएल की नई इकाई का लोकार्पण

अमर उजाला ब्यूरो

**हमीरपुर के सुमेरपुर स्थित इकाई में होगा स्प्रे ड्रायड डिटर्जेंट पाउडर का उत्पादन**

**स्थानीय महिलाओं और दिव्यांगों को भी नौकरी के अवसर होंगे उपलब्ध**



सीएम योगी आदित्यनाथ ने बृहस्पतिवार को वर्चुअल माध्यम से हमीरपुर जिले के सुमेरपुर में हिंदुस्तान यूनीलीवर लिमिटेड (एचयूएल) की नवनिर्मित इकाई स्प्रे ड्रायड डिटर्जेंट पाउडर संयंत्र और वितरण केंद्र का लोकार्पण किया।

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बृहस्पतिवार को लोक भवन से वर्चुअल माध्यम से हमीरपुर जिले के सुमेरपुर में हिंदुस्तान यूनीलीवर लि. (एचयूएल) की नवनिर्मित इकाई स्प्रे ड्रायड डिटर्जेंट पाउडर संयंत्र व वितरण केंद्र का लोकार्पण किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश के लिए महत्वपूर्ण क्षण है। कंपनी के निवेश से जहां बुंदेलखंड क्षेत्र के समग्र विकास में मदद मिलेगी, वहीं इस क्षेत्र की महिलाओं और दिव्यांगों को भी नौकरी के अवसर उपलब्ध होंगे।

सीएम ने कहा कि किसी भी निवेश का केवल औद्योगिक महत्व ही नहीं होता, बल्कि इससे अर्थव्यवस्था भी सुदृढ़ होती है। सुमेरपुर जैसे पिछड़े क्षेत्र में इस संयंत्र के शुरू होने से लोगों को प्रत्यक्ष और परोक्ष रूप से रोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि कभी सूखे की मार और पेयजल के लिए तरस रहे बुंदेलखंड में अब बड़ा बदलाव आया है। इलाके में डिफेंस कॉरिडोर के माध्यम से औद्योगिक विकास की नई राह बनी है। बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे यहां के विकास को रफ्तार देगा। राज्य सरकार इसके किनारे औद्योगिक क्लस्टर बना रही है। सुमेरपुर का यह प्लांट उसी कड़ी में एक कदम है।

उन्होंने कहा कि जिस बुंदेलखंड से निवेशक भागते थे, युवा पलायन करते थे, वही धरती अब धरती का स्वर्ग बन रही है। सीएम ने एचयूएल द्वारा मिशन शक्ति के तहत यहां की बेटियों को नौकरी दिए जाने वादे पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि बुंदेलखंड के किसानों की आय बढ़ाने में यह कंपनी मददगार बनेगी।

कार्यक्रम में एचयूएल के सीईओ संजीव मेहता ने कहा कि उप्र उनकी जन्मभूमि है, इसलिए प्रदेश की बेहतरी के लिए वह यहां का ब्रांड एंबेसडर बनना चाहते हैं। उन्होंने प्रदेश के औद्योगिक माहौल की सराहना करते हुए कहा कि देश-विदेश के निवेशकों को प्रदेश से जोड़ने के लिए वह निजी तौर पर प्रयास भी करेंगे। उन्होंने कहा कि कंपनी 2025 तक सुमेरपुर में 700 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश करेगी। गौरतलब है कि अत्याधुनिक स्प्रे ड्राइड डिटर्जेंट फैक्टरी में सर्फ एक्सेल आदि का उत्पादन होगा। इस मौके पर एचयूएल के प्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री को अंगवस्त्र और प्रतीक चिह्नि भेंट किया। कार्यक्रम में औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता 'नंदी', राज्यमंत्री जसवंत सिंह सैनी, मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मित्र सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।